हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 अप्रैल 2025

11 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अरावली सदन रहा प्रथम



12 सीपी और डीसीपी से मिले बहादुरगढ़ के उद्यमी



SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS, JHAJJAR
India's Most Trusted School for Integrated Classroom Programme
IIT-JEE NEET NDA MNS CLAT
CA-CS CUET SSC VVM VSSF
CLAT Exam Qualifiers
2025-26 ADMISSION OPEN
लगातार 8 वर्षों से एक ही संकल्प, हर विद्यार्थी की मेहनत हो सफल
संस्कारम पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र CLAT परीक्षा में सफल होकर बनेंगे भविष्य के वकील



CHARVI D/o VINOD KHATIWAS | YASHASWI D/o VIKRANT JHAJJAR | CHAAVI D/o RISHIPAL BERI | VAIBHAV S/o DEV JHAJJAR | ALKA D/o JAIBIR MAJRA D. | MANSI D/o RAJIV MATANHAIL | RITIKA D/o SATYAPL JHINJHAR | RASHI D/o RAJENDER JHINJHAR
JHAJJAR CAMPUS : NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar, 8222889860, 8222889862 | PATAUDA CAMPUS : NH. 352, Patauda, Near Kulana, Jhajjar, 9053007801, 9053007802

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री सैनी से की अधिकारियों की शिकायत

**बहादुरगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने अधिकारियों की कार्यशैली की शिकायत की। उनके अनुसार बहादुरगढ़ में समाधान शिविर में कुछ अधिकारी जनता को परेशान कर रहे हैं। समाधान शिविरों को कुछ अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे और सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। जनता की समस्याओं का समाधान करने की बजाय नागरिकों के चक्कर लगवाए जा रहे हैं।

### गेहूं-सरसों की सरकारी खरीद थमने लगी

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को अनाज मंडियों में सरसों तो आई लेकिन गेहूं की आवक थम गई। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में सरसों की फसल के लिए मात्र 4 गेट पास कटे तथा कुल 28 क्विंटल फसल आई। जबकि सरकारी खरीद हुई ही नहीं। हालांकि उठान 87 प्रतिशत हो चुका है। वहीं बहादुरगढ़ और आसौदा मंडी में गेहूं का एक भी गेट पास नहीं कटा और कोई सरकारी खरीद नहीं हुई।

### 185 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार




**झज्जर।** एंटी नारकोटिक सेल की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी योमेश ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना साल्हावास क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि रोशन निवासी पिलाना जिला रोहतक मादक पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता है और वह गांव खोरड़ा बहु रोड पर बने होटल के नजदीक मादक पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर 185 ग्राम पाया गया। पकड़े गए आरोपी की पूछताछ में पहचान रोशन निवासी पिलाना रोहतक के तौर पर की गई है। ।

### अवैध हथियार व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



**झज्जर।** स्पेशल स्टॉफ की एक टीम द्वारा थाना दुजाना क्षेत्र से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टॉफ प्रभारी ऋषिपाल ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि प्रिंस अवैध हथियार लिए हुए झज्जर रोहतक रोड बिरधाना मोड के पास खड़ा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम मौके पहुंची और वहां पर एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा संदेह के आधार पर व्यक्ति को काबू करते हुए उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो अवैध हथियार व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रिंस निवासी बादली जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल शहर के लाल चौक पर पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

# बहादुरगढ़ में संगठनों ने फूंका पाक आतंकियों का पुतला, बेरी में एक घंटे तक बंद रहे बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- जघन्य आतंकी हमले से सारा देश आहत : जून
- भाजपा नेताओं ने भी दी श्रद्धांजलि

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से आहत विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शुक्रवार को बहादुरगढ़ के लाल चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में रोष प्रदर्शन किया। साथ ही नापाक आतंकियों का पुतला फूंका। विधायक राजेश जून ने कहा कि जघन्य आतंकी हमले से सारा देश आहत है। पहले पुलवामा और अब पहलगाम में हुए आतंकी हमलों ने क्रूरता की हद करते हुए देश का दिल दहला दिया। शुक्रवार को लाल चौक पर विहिप, बजरंग दल व भाजपा के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पाकिस्तान और आतंकियों का पुतला दहन किया। श्रद्धांजलि सभा में विधायक राजेश जून, राजपाल जांगड़ा, दिनेश शेखावत, सतीश नंबरदार, जगदीश ऐलावादी, रामानंद महाराज, हरज्ञान सिंह, रणबीर, पंकज कौशिक, ऋषि भारद्वाज, शेखर दिनेश कौशिक, डॉ ओमबीर राठी, नीरज वत्स, शमशेर सिंह, मनीष, गौरव राठी, नरेश छिकारा, कर्मवीर राठी, हरिमोहन धाकरे व अनीता आदि ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। विधायक राजेश जून ने कहा कि पहले पुलवामा में भारतीय सैनिकों पर बर्बर अटैक किया गया था और अब पहलगाम में पर्यटकों को धर्म के आधार पर निशाना बनाया जाना अमानवीयता की पराकाष्ठा है। विहिप व बजरंग दल ने शहर के लाल चौक पर अपने रोष का प्रदर्शन किया। दो मिनट का मौन रखकर हमले में मरने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान व इस्लामिक आतंकवाद के विरोध में नारेबाजी की। साथ ही पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला दहन किया। विहिप पदाधिकारियों ने इसे कायराना हमला करार देते हुए सरकार से पाकिस्तान व आतंकवाद पर बड़ी कार्यवाही करने की मांग की। इस दौरान वक्ताओं ने जातिवाद को खत्म करने और समाज को एकजुट करने का आह्वान किया।



**बहादुरगढ़।** लाल चौक पर आतंकियों का पुतला फूंकते हिंदूवादी संगठनों के सदस्य।

## बोले -आतंकी घटना के विरोध में देश एकजुट, कड़ी कार्रवाई करे सरकार

**बेरी।** शुक्रवार सांय जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा कस्बा बेरी स्थित शिव चौक पुतला फूंक कर अपना विरोध जताया। रोष प्रदर्शन के लिए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और आमजन ब्राहम्ण धर्मशाला में एकत्रित हुए और यहां आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। बाद में इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उन्होंने शिव चौक पर पुतला फूंका। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि देश विरोधी ताकतों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमले में स्थानीय लोगों का सहयोग रहा है, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आतंकी घटना के विरोध में देश एकजुट है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और परिवार को संकट की इस घड़ी में साहस देने के लिए भगवान से प्रार्थना भी की। उधर, बेरी बाजार के दुकानदारों ने भी सांय अपनी दुकानें बंद रखकर अपना रोष प्रकट किया।



### चाकू के बल पर कार सवार से लूटपाट

**बहादुरगढ़।** बाइक सवार 3 युवकों ने सेक्टर-11 में कार सवार युवक को रास्ता पूछने के बहाने से रुकवाया और फिर उसके साथ लूटपाट कर फरार हो गए। बता दें कि आर्य नगर की गली नंबर-4 में रहने वाला सोमवीर घर से 50 हजार रुपए लेकर अपने चाचा अजय को देने के लिए सेक्टर-10 में पेट्रोल पंप के निकट जा रहा था। बादली रोड से सेक्टर-11 होते हुए जब वह आगे बढ़ा तो रास्ते में तीन व्यक्तियों ने रास्ता पूछने के बहाने से उसकी कार रुकवाई। रास्ता बताने के लिए सोमवीर ने जैसे ही गाड़ी का शीशा नीचे किया तो उन्होंने चाकू दिखाकर गाड़ी अनलॉक करवाई। सोमवीर को नीचे उतार लिया और गाड़ी की सीट पर रखे 50 हजार रुपए ले लिए। उसका पर्स, मोबाइल फोन और गाड़ी की चाबी भी ले ली। चाकू का वार करते हुए बदमाशों ने उसकी सोने की चेन भी छीन ली। उन्होंने पर्स में से भी कैश निकालकर गाड़ी की चाबी और जरूरी कार्ड आदि नजदीक एक खेत में फेंक दिए। आरोपी बिना नंबर की काली स्पलेंडर बाइक लेकर भाग गए।

### छत से गिरने से प्रवासी श्रमिक की मौत

**झज्जर।** झामरी में छत से नीचे गिरने के कारण प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के मंहदवारा गांव निवासी राकेश के तौर पर हुई है। राकेश पिछले करीब दो माह से इस क्षेत्र में रहकर गेहूं की कटाई का कार्य कर रहा था। वीरवार की रात जब वह छत पर था तो अचानक नीचे आ गिरा जिसके कारण वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। इसके बाद उसे गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दो अवैध कॉलोनियों में ढहाए निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जिला नगर योजनाकार की टीम ने शुक्रवार को शहर के आउटर इलाके में दो अवैध कॉलोनियों में किए जा रहे अवैध निर्माण को ढहाया। गांव खेड़का मुसलमान के रकबे में लगभग 2 एकड़ तथा कसार के रकबे में 2 एकड़ भूमि में पनप रही अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। इस 8 डीपीसी, एक अवैध निर्माण तथा चारदीवारी के साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़े गए। बता दें कि डीटीपी द्वारा गांव-खेड़का मुसलमान के रकबे में लगभग 2 एकड़ क्षेत्रफल वाली एक अनाधिकृत कॉलोनी में तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। सेक्टर-35 फोर्टेशिया के निकट 1 निर्माणाधीन ढांचा, कॉलोनी की लगभग 60 मीटर की चारदीवारी, 8 डीपीसी, मिट्टी की सड़क और सीमांकन को ध्वस्त कर दिया गया।



**बहादुरगढ़।** अवैध कॉलोनी में किए जा रहे निर्माण को ढहाती डीटीपी की जेसीबी।

### दो एकड़ में पनप रही थी कॉलोनी

वहीं गांव कसार के निकट करणी ग्रुप हाउसिंग के सामने 2 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में लगभग 300 रनिंग फीट मिट्टी के सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। कनिष्ठ अभियंता अरविंद ने बताया कि पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से यह कार्रवाई की गई। डीटीपी ने लोगों से अपील की है कि कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के ना करें। नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग से लाईसेंस अनुमति लेने उपरांत ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें। ऐसा करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। यह तोड़फोड़ की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। ताकि गरीब लोग डीलरों के झांसे में नहीं आएं।

## वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचला, केस दर्ज

**झज्जर।** क्षेत्र के बेरी-दूबलधन मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।

पुलिस को दी शिकायत में रोहतक जिले के भगवतीपुर निवासी गुलाब सिंह ने बताया कि उसका बड़ा लड़का अमित शुक्रवार को मोटरसाइकिल पर अपने मामा के घर दूबलधन गया था। दोपहर करीब पौने तीन बजे उसे अपने अमित के एक्सीडेंट की सूचना मिली। इसके बाद वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बेरी के अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों द्वारा अमित को मृत घोषित किया जा चुका था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रक के केबिन में मिला चालक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव साल्हावास क्षेत्र में ट्रक से चालक का शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर राहगीरों से मामले की जानकारी ली तथा शव को कब्जे लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान नूंह मेवात जिले के बूबलहेड़ी निवासी मुश्ताक खान पुत्र दीन मोहम्मद के तौर पर हुई है। वह पिछले करीब आठ-नौ माह से ट्रक पर ड्राईवरी करता था। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के चाचा जुम्मे खां ने बताया कि बूबलहेड़ी जिला नूंह मेवात का रहने वाला है। उसका भतीजा मुश्ताक खान पिछले आठ-नौ माह से ट्रक चालक का काम करता था। वह झांसवा स्थित एक कंपनी से माल भरकर नूंह मेवात के निकला था। उसे वीरवार की रात अपने भतीजे की मौत की सूचना मिली। जब वे मौक पर पहुंचे तो मुश्ताक मृत अवस्था में ट्रक के केबिन में रेस्ट सीट पर लेटा हुआ था। जुम्मे खां ने पुलिस से मांग की है कि पोस्टमार्टम कराकर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाए। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर फिलहाल इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।





# ‘जब तक सूरज चांद रहेगा नवीन जाखड़ तेरा नाम रहेगा’ भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से गूंजा आसमान

## साल्हावास में बलिदानी अग्निवीर नवीन जाखड़ की सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

- सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जम्मू कश्मीर के बारामूला क्षेत्र में बलिदान हुए अग्निवीर नवीन जाखड़ की शुक्रवार सांय को उनके पैतृक गांव साल्हावास में सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने शहीद सैनिक के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। सेना और हरियाणा पुलिस के जवानों ने शस्त्र झुकाकर दिवंगत नवीन जाखड़ को अंतिम सलामी दी। बलिदानी नवीन जाखड़ के पार्थिव शरीर को उसके भाई लोकेश जाखड़ ने मुखाग्नि दी। लोकेश व नवीन जाखड़ दिसंबर 2023 में एक साथ ही अग्निवीर के रूप में सेना में शामिल हुए थे। शुक्रवार की सांय सेना के जवान दिवंगत नवीन जाखड़ के पार्थिव शरीर को जैसे ही साल्हावास गांव लेकर पहुंचे तो हर कोई अपने लाडले सपूत के अंतिम दर्शनों के लिए उमड़ पड़ा। पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया और हर किसी की आंखें नम हो गई। जब तक सूरज चांद रहेगा नवीन जाखड़ तेरा नाम रहेगा,भारत माता की जय जैसे गगनभेदी नारों के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने नम आंखों से अपने साहसी व होनहार बेटे को अश्रुपूर्ण विदाई दी। इस दौरान सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, विधायक गीता भुक्कल, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, जिप पार्षद प्रतिनिधि वीरभान, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि हुक्मचंद, सरपंच रामकिशन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव,अनिल मातनहेल व अन्य मौजूद रहे।



## शिक्षा निदेशालय के गैर मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों पर कार्रवाई के निर्देश

**झज्जर ।** विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा गैर मान्यता प्राप्त व शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करने वाले विद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए पत्र में लिखा गया है कि डीजीईई एवं डीएसई की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव की समीक्षा के लिए आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में पता चला कि प्रदेश के कुछ जिलों में कुछ विद्यालय बिना मान्यता प्राप्त संचालित हैं जो शिक्षा का अधिकार अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। संज्ञान में आया है कि कुछ शहरी क्षेत्रों में प्ले स्कूल के नाम पर ऐसे संस्थान संचालित हैं जिनमें कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थी नामांकित हैं। यह भी शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन हैं। इसके अलावा कुछ गैर सरकारी संगठन व फाउंडेशन रेमिडियल क्लासेज के नाम पर नियमित विद्यालयी समय में पूर्ण कालिक विद्यालय संचालित कर रहे हैं जो अवैध है। शिक्षा निदेशालय द्वारा इस संदर्भ में जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों से कहा गया है कि वे निर्देशों की अनुपालना करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विद्यालय सरकार से मान्यता के बिना संचालित नहीं किया जा सकता, प्ले स्कूल में पांच वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को नामांकित करना व कक्षा एक से पांच तकी पढ़ाई कराना अवैध है इसे तुरंत बंद किया जाए, रेमिडियल कक्षा यदि विद्यालय समय में नियमित विद्यालय के रूप में चलाई जा रही हो तो यह गलत है।



एक कठफोड़वा प्रति सेकंड की दर से पेड़ में 20 बार अपनी चोंच मार सकता है।



दरियाई घोड़ा इंसानों की तुलना में तेजी से दौड़ सकते हैं और इनके पसीने का रंग गुलाबी होता है।

# आंकड़ों की अच्छी समझ है तो बनाए इन क्षेत्रों में कॅरियर



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

दुनियाभर में डेटा का इस्तेमाल बढ़ रहा है, इसके साथ ही ऐसे विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है जो इसे समझ भी सकें और समझा भी सकें। डेटा की जरूरत को देखते हुए अब सांख्यिकी में पढ़ाई करने वालों को कई तरह की प्रोफाइल पर काम करने के मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों को समझने का हुनर और उसे आसान भाषा में समझाने की खूबी कॅरियर को नई उड़ान दे सकती है। स्टेटिस्टिक्स यानी सांख्यिकी ऐसा ही एक विषय है। जैसे-जैसे कंज्यूमर डेटा की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे सांख्यिकी के जानकारों को कॅरियर में नए मौके मिल रहे हैं। डेटा का विश्लेषण करना, इससे पॉलिसी बनाना, आर्थिक सर्वे करना इसके विशेषज्ञों का काम है। कोई भी सर्वे सांख्यिकी डेटा के बगैर संभव नहीं है।

## योग्यता

सांख्यिकी में कॅरियर बनाने के लिए 12वीं में कॉमर्स या गणित होना अनिवार्य हैं। परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होनी चाहिए। 12वीं के पास सांख्यिकी में ग्रेजुएशन और मास्टर्स कर सकते हैं। कुछ संस्थानों में सीधे दाखिला मिलता है। वहीं, कुछ इंस्टीट्यूट प्रवेश परीक्षा के आधार दाखिला देते हैं। दिल्ली, बेंगलुरू और कोलकाता के इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, से पढ़ाई की जा सकती है। दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, सीआर राव एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस, हैदराबाद से स्टडी कर सकते हैं।

### 0-डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर

एक डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर डाटा को कैटेगरीवाइज ऑर्गेनाइज करने का काम करता है। डाटा का बैकअप रखना और उसकी सिक्योरिटी पर नजर रखना भी डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर का ही काम है। इसके अलावा ये विशेषज्ञ स्टेकहोल्डर को डाटा एक्सेस करने में मदद करते हैं। यह तय करते हैं कि परमिशन दी जाएगी या नहीं। डेटा को तकनीक की मदद से बेहतर तरीके से पेश करते हैं।

## 0-फाइनेंशियल एनालिस्ट



सांख्यिकी में पढ़ाई के लिए फाइनेंशियल एनालिस्ट के तौर पर भी कॅरियर बना सकते हैं। एक फाइनेंशियल एनालिस्ट बैलेंस शीट की एनालिसिस करता है। बताते हैं कि कंपनी और क्लाइंट को कब और कहां निवेश करने की जरूरत है। कंपनी और क्लाइंट के स्टॉक और बॉन्ड की जानकारी रखते हैं और उसकी एनालिसिस करके परिणाम के आधार पर सलाह देकर फायदा पहुंचाते हैं।

### मार्केट रिसर्चर

एक मार्केट रिसर्चर प्रोडक्ट और सर्विस को लेकर इंडस्ट्री के रुख को समझते हैं। उसके आधार पर भविष्यवाणी करते हैं। ये मार्केट में ट्रेंड को समझते हैं। कंपनियों को बताते हैं कि कंज्यूमर की जरूरत क्या है और क्या चलन से बाहर हो रहा है। आंकड़ों की मदद से ये जानकारी देते हैं। मार्केट से डेटा को इकट्ठा करके उसे चार्ट और रिपोर्ट के रूप में पेश करते हैं।

## डेटा साइंटिस्ट



अगर डेटा साइंटिस्ट बनना चाहते हैं तो स्टेस्टिक्स आपके लिए एक सबसे जरूरी विषय साबित होगा। आंकड़ों का डेटा सेट बनाना, डेटा मॉडल तैयार करना, पैटर्न और ट्रेंड को समझना एक डेटा साइंटिस्ट का काम होता है। एक डेटा साइंटिस्ट स्टेस्टिकल मॉडल को तैयार करने के साथ उसे लागू करने का काम भी करता है। यही वजह है कि डेटा साइंटिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एक सांख्यिकीविद का काम पिछले डेटा का विश्लेषण करना होता है। इसकी मदद से पॉलिसी मेकर्स नई पॉलिसी बनाते हैं। प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में सांख्यिकी के जानकारों की मांग बढ़ रही है। हर साल 29 जून को नेशनल स्टेस्टिटिक्स डे भी मनाया जाता है।

---

**मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है मौसम विज्ञान**

# 12वीं के बाद मौसम विभाग में बनाएं अपना कॅरियर, इस फील्ड में है काफी स्कोप

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

दुनिया में हर दिन बदलते मौसम को लेकर सभी देश चिंतित हैं। क्योंकि प्राकृतिक घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक आने वाले प्राकृतिक खतरे को भांप लेते हैं। मौसम वैज्ञानिक के पूर्वानुमान से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है, या फिर इस परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप स्टूडेंट है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मौसम वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और इसमें कितने प्रकार का कोर्स होता है।

### क्या है मौसम विज्ञान



बता दें कि मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। यह मौसम की क्रिया-प्रतिक्रिया, पूर्वानुमान पर आधारित होता है। इसके तहत कई विषयों पर शोध व अध्ययन किया जाता है।

### एग्रीकल्चर मीटियोरोलॉजी

फसलों की पैदावार और उससे होने वाले फायदे व नुकसान का आंकलन मौसम के अनुरूप दी जाती है। मौसम के हिसाब से गाइडलाइन जारी की जाती है। जिसमें मिट्टी प्रबंधन के लिए उपयोगी समय और फसलों की पैदावार का आंकलन किया जाता है।

### फिजिकल मेटियोरोलॉजी

इसमें मौसम के इलेक्ट्रिकल, ध्वनिक, ऑप्टिकल और थर्मोडायनामिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।


### सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी में सैटेलाइट के माध्यम रिमोट सेंसिंग उपकरणों से आने वाले डाटा के आधार पर महासागर और वायुमंडल का अध्ययन किया जाता है।

### डाइनामिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में पृथ्वी और उसके आसपास वायु की गति का अध्ययन होता है। इसके साथ ही बादल, बारिश, तापमान और हवा के पैटर्न पर भी अध्ययन होता है। जो मनुष्य को प्रभावित करती है।

## ग्रेजुएट स्तर पर तीन साल का कोर्स




## हमारे देश में मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी

### सिनॉप्टिक मेटियोरोलॉजी

स विषय में मौसम संबंधी बाधाओं जैसे ट्रापिकल साइक्लोन, एंटी साइक्लोन और फ्रंटल डिप्रेशन का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। कम दबाव के क्षेत्र में वायु, चक्रवात, क्षेत्र, जल और दबाव स्तर से एकत्र होने वाला मैप जो कि पूरी दुनिया के मौसम का सिनाप्टिक व्यू को बताता है।

### क्लाइमेटोलॉजी

क्लाइमेटोलॉजी के जरिए जलवायु और उससे जुड़ी चीजों का अध्ययन किया जाता है। जलवायु के प्रभाव और उसके बदलवा पर भी शोध किया जाता है।

### एविएशन मेटियोरोलॉजी

एविएशन मेटियोरोलॉजी पर एविएशन इंडस्ट्री के नजरिए से मौसम का शोध होता है। वहीं प्राप्त आंकड़े से पूर्वानुमान लगाया जाता है।

### कोर्स और योग्यता

हमारे देश में आज भी मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश के बहुत से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मीट्रिओलॉजी संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं। जो युवा इस क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहते हैं, वे इसमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट योग्यता हासिल कर सकते हैं। अंडग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान वर्ग भौतिकी, जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान से 12वीं पास होना जरूरी है। ग्रेजुएट स्तर का कोर्स तीन साल का है। अगर आप इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेना चाहते हैं तो इसके लिए किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आपका बीएससी होना जरूरी है।

---

**मेमोरी शार्प करने के तरीके**

# रटने की जगह इन टिप्स की मदद से करेंगे पढ़ाई तो लंबे समय तक याद रहेंगे चैप्टर

**अक्सर छात्रों के** साथ यह समस्या होती है कि वह चाहे कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन उनके द्वारा याद किए हुए चैप्टर्स याद नहीं रहते। या फिर जो वह पढ़ते हैं यदि वह याद भी रहा तो एग्जाम के समय सब भूल जाते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी इस तरह की समस्या तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको पढ़ाई करने के कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेमोरी को शार्प कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

### नोट्स जरूर बनाएं

स्टूडेंट्स को पढ़ाई करते समय कॉपी पेन लेकर जरूर बैठना चाहिए। साथ ही आप जरूरी प्वाइंट्स को नोट करते हुए चलें। ऐसा करने से आपको चीजें लंबे समय तक याद रहेंगी। क्योंकि लिखकर बनाए गए नोट्स ज्यादा समय तक आपके दिमाग में टिकती हैं।

### जरूर लें ब्रेक्स

जब आप लगातार कई घंटो तक पढ़ाई करते रहते हैं तो आपका ब्रेन थक जाता है और रिटेन नहीं कर पाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हर आधे घंटे में खुद को 5 मिनट का ब्रेक दें। इससे आपके ब्रेन को भी आराम मिलेगा और पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहेगा।

### फोकस रहें

जब आप पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करते हैं तो आपको चीजें ज्यादा समय के लिए याद रहती हैं। लेकिन जब आपका ध्यान कहीं और होता है तो आप पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। फोकस के साथ पढ़ाई करने से आप ज्यादा से ज्यादा इंफॉर्मेशन को अधिक समय तक याद रख पाएंगे।

### रिवीजन करें

पढ़ी हुई चीज को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि जो भी आप पढ़ रहे हैं, उसे दूसरों को भी समझाएं व पढ़ाएं। ऐसा करने से आपका रिवीजन होता है। या आप चाहें तो अपेन किसी दोस्त के साथ पढ़े हुए चैप्टर्स पर चर्चा कर सकते हैं। इससे पढ़ा हुआ चैप्टर भूलने की संभावना न के बराबर होती है।

### रिलेट करें

किसी भी चीज को पढ़ते समय कोशिश करें कि आप उसे रियल लाइफ से रिलेट कर पाएं। इससे याद किया हुआ पक्का हो जाता है। इस तरह से पढ़ने से आप पढ़े हुए चैप्टर्स को अच्छे से समझ पाएंगे और लंबे समय तक याद भी रख पाएंगे।

### रटने की कोशिश न करें

कई स्टूडेंट्स चैप्टर्स को रटने की कोशिश करते हैं। ऐसे में चैप्टर को अच्छे से समझ कर पढ़ना चाहिए। रट्टा मारने की कोशिश न करें। क्योंकि रट्टा मारने से आपको लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद नहीं रहेंगी, इसलिए समझना जरूरी है।

### गोल्स जरूर बनाएं

हर छात्र को अपने जीवन में गोल्स जरूर बनाने चाहिए। हर हफ्ते छोटे-छोटे गोल्स जरूर बनाएं। फिर इन गोल्स को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने से भी आपको एग्जाम के दौरान स्ट्रेस नहीं होगा। पढ़ा हुआ भी लंबे समय तक याद रहेगा।

---

# हमारे राष्ट्र की सुरक्षा: आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए बड़ी प्रेरणा



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

आप हमारे देश का भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान ही वह शक्ति है जो हमारे राष्ट्र को मजबूत और सुरक्षित बनाएगी। आज, जब हम आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह जरूरी है कि आप न केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान दें, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में भी अपनी भूमिका समझें। आतंकवाद और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारा दायित्व है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें और अपने देश को सुरक्षित रखें। इस लेख में, हम करेंगे कि आप, एक विद्यार्थी के रूप में, अपने देश की सुरक्षा में कैसे योगदान दे सकते हैं।

## छात्रा के रूप में आप दे सकते हैं बड़ा योगदान

### 1. जागरूकता : पहला कदम सुरक्षा की ओर

- राष्ट्र की सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। आतंकवाद और अन्य खतरों से निपटने के लिए हमें अपने आसपास के माहौल को समझना होगा।
- **सतर्क रहें**: अपने आसपास होने वाली असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें। अगर आपको कुछ संदिग्ध लगे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।
- **सोशल मीडिया पर सावधानी**: आतंकवादी और असामाजिक तत्व अक्सरसोशल मीडिया का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए करते हैं। ऐसी अफवाहों को न फैलाएँ और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।
- **शिक्षा का उपयोग**: अपने स्कूल या कॉलेज में सुरक्षा से संबंधित कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। यह आपको आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में मदद करेगा।

### 2. तकनीक का उपयोग: एक शक्तिशाली हथियार

- आज तकनीक का युग है। विद्यार्थी के रूप में, आप तकनीक का उपयोग करके राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।
- **साइबर सुरक्षा**: साइबर आतंकवाद एक बड़ी चुनौती है। अपने डिजिटल उपकरणों को सुरक्षित रखें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अनजान लिंक या ईमेल से बचें।
- **डेटा विश्लेषण और तकनीकी नवाचार**: अगर आप तकनीक में रुचि रखते हैं, तो डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**AI**), और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करें। ये कौशल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- **जागरूकता फैलाएँ**: तकनीक का उपयोग करके अपने दोस्तों और परिवार को आतंकवाद के खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में शिक्षित करें।

### 3. शारीरिक और मानसिक मजबूती

- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें डराने की कोशिश करती हैं, लेकिन हमें इनसे डरने के बजाय इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- **शारीरिक फिटनेस**: नियमित व्यायाम और खेलकूद से अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ाएँ। यह न केवल आपको स्वस्थ रखेगा, बल्कि आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया देने में भी मदद करेगा।
- **मानसिक दृढ़ता**: ध्यान, योग और प्रेरक किताबें पढ़कर अपने मन को मजबूत करें। डर और तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता आपको कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।
- **प्रशिक्षण लें**: अपने स्कूल या कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्टएड) और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लें। यह आपको और दूसरों को आपातकाल में बचाने में मदद करेगा।

## भेदभाव से बचें

### 4. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव

- आतंकवाद का एक प्रमुख उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना होता है। विद्यार्थी के रूप में, आप सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देकर इस मंसूबे को नाकाम कर सकते हैं।
- **सभी को जोड़ें**: जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव से बचें। अपने दोस्तों और सहपाठियों के साथ एकता का संदेश फैलाएँ।
- **सकारात्मक संदेश**: अपने स्कूल या कॉलेज में राष्ट्रीय एकता और शांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे नाटक, वाद-विवाद या पोस्टर प्रतियोगिताएँ।
- **स्वयंसेवक बनें**: सामुदायिक सेवा में भाग लें और अपने आसपास के लोगों को एकजुट करने में मदद करें।

### 5. कैरियर के माध्यम से योगदान

- राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने के लिए आपको सैनिक बनना जरूरी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करके भी आप देश की सेवा कर सकते हैं।
- **सुरक्षा बलों में शामिल हों**: अगर आपमें जोश और देशभक्ति है, तो सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस या अर्धसैनिक बलों में शामिल होने पर विचार करें।
- **वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ**: रक्षा अनुसंधान और तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए वैज्ञानिक या इंजीनियर बनें।
- **पत्रकारिता और कानून**: पत्रकारिता के माध्यम से जागरूकता फैलाएँ या कानून के क्षेत्र में काम करके आतंकवाद के खिलाफ कानूनी लड़ाई को मजबूत करें।
- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है हमारा हौसला। डर को अपने ऊपर हावी न होने दें। हर कठिन परिस्थिति में एक अवसर छिपा होता है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है ?
(ए) टिन
(बी) मैगनीज
(सी) अभ्रक
(डी) मोनाजाईट

**2.** सवैधानिक स्थिति के अनुसार खनिजों पर किसका अधिकार है ?
(ए) राज्य सरकार का
(बी) केंद्र सरकार का
(सी) उर्युक्त दोनों का
(डी) इनमे से कोई नहीं

**3.** नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कोर्प्रेशन ऑफ़ इण्डिया की हीरे की खान कहाँ है ?
(ए) डिगबोई
(बी) जयपुर
(सी) झारसुगुडा
(डी) पन्ना

**4.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य एस्बेस्टस का सर्वाधिक उत्पादक है ?
(ए) मध्य प्रदेश
(बी) आंध्र प्रदेश
(सी) कर्नाटक
(डी) राजस्थान

**5.** भारत के प्रथम खनिज नीति कब घोषित हुयी थी ?
(ए) 1951 में
(बी) 1961 में
(सी) 1972 में
(डी) 1976 में

**6.** भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय खनिज निति की घोषणा किस वर्ष की गई?
(ए) 1991 ई०
(बी) 1992 ई०
(सी) 1993 ई०
(डी) 2008 ई०

**7.** भारत में टिन का अग्रगण्य उत्पादक है -
(ए) ओडिशा
(बी) मध्यप्रदेश
(सी) झारखण्ड
(डी) छतीसगढ़

**8.** स्वर्ण मुखत्या कहाँ पाया जाता है ?
(ए) पन्ना
(बी) कटनी
(सी) कोलार
(डी) खेतड़ी

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। पुलिस कमिश्नर को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते डॉ पंकज।

### पुलिस आयुक्त का डॉ. जैन ने किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह से शिष्टाचार भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राजश्री सिंह के पुलिस कमिश्नर बनने के बाद जिला पुलिस उनके नेतृत्व में बेहतर कार्य करेगी। उनके कुशल मार्गदर्शन में अपराधों पर अंकुश लगेगा और पुलिस व आमजन के बीच में बेहतर तालमेल स्थापित होगा।



बहादुरगढ़। आदित्य अग्रवाल को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी।

### समिति ने किया आदित्य को सम्मानित

**बहादुरगढ़।** यूपीएससी की परीक्षा में देशभर में 9वीं रैंक हासिल करने पर आदित्य विक्रम अग्रवाल को राजस्थान सेवा समिति ने सम्मानित किया। समिति पदाधिकारियों ने उसके उज्वल भविष्य की कामना की। समिति के अध्यक्ष मूलचंद जोशी, कोषाध्यक्ष राजकुमार चौहान व मंत्री शशि पुरोहित ने आदित्य का सम्मान करते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य युवाओं को प्रेरित करेगी।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**झज्जर।** डीसी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक होनी चाहिए। जिनको वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

### ट्रेन में यात्री की नकदी व सामान चोरी

**रेवाड़ी।** सिरसा एक्सप्रेस में दिल्ली कैंट से आ रहे एक रेल यात्री की नकदी व सामान चोरी हो गया। महेंद्रगढ़ निवासी मनोज कुमार ने जीआरपी सिरसा को दर्ज शिकायत में बताया कि दिल्ली से रेवाड़ी आते समय हर्ट की दवा लेने के कारण उसे नींद आ गई। रास्ते में किसी यात्री ने उसका सामान चोरी कर लिया, जिसमें एक पर्स था। पर्स में 2 हजार रुपये, अंगूठी व मोबाइल फोन थे। उसके जेब से भी 23 हजार रुपये निकाल लिए गए। सिरसा जीआरपी ने जीरो एफआईआर प्रेषित की, जिसके आधार पर स्थानीय जीआरपी थाने में चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई है।

### सड़क हादसे को आरोपी चालक काबू

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्कूटी की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति के बयान पर 22 अप्रैल को चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे के बाद स्कूटी चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद इस मामले में कोसली निवासी जयबीर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से स्कूटी भी बरामद की गई है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दुकान से नकदी चोरी का केस दर्ज

**बावल।** बावल के कटला बाजार में चोर एक दुकान का शटर उखाड़कर नकदी चोरी कर ले गए। कटला बाजार में किरयाने की दुकान चलाने वाले ताराचंद ने बताया कि वह दुकान बंद करने के बाद घर चला गया था। उसके पड़ोसी दुकानदार ने फोन पर उसे दुकान का शटर उखड़ा होने की सूचना दी।

## एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वर्ल्ड मलेरिया-डे पर जागरूकता कार्यक्रम

# मलेरिया विषय पर आयोजित पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

### डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर निहारिका ने किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वर्ल्ड मलेरिया-डे के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर निहारिका, हेल्थ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, एमपीएचडब्लू धीरज कुमार, कृष्ण कुमार, सावन कुमार ने मुख्य रूप से शिरकत की। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने विद्यार्थियों को इस दिन की सार्थकता बारे अवगत कराया। इस दौरान मलेरिया विषय पर पेंटिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने अपने संबोधन में कहा कि हमें स्वच्छता को अपनाकर डेंगू व मलेरिया को हराना है। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया व जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने आसपास सफाई अभियान चलाकर गंदगी मुक्त भारत का सपना बुनना चाहिए। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा, प्रियंका यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मंच पर मौजूद शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। त्रिवेणी स्कूल के विद्यार्थियों को समझाती एएसआई राखी।

### नशे के खिलाफ त्रिवेणी स्कूल में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** नशा मुक्त झज्जर और सड़क सुरक्षा सैल की टीम ने शनिवार को त्रिवेणी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव और यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया। नशा मुक्ति झज्जर की टीम प्रभारी एएसआई राखी ने विद्यार्थियों को पढ़ लिखकर अच्छा नागरिक बनने और माता-पिता की उम्मीद पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उनके अनुसार नशे जैसी लत हंसते खेलते पूरे परिवार को बर्बाद कर देती है। अच्छी संगत में रहें। हर बात अपने माता-पिता के साथ जरूर शेयर करें। सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने भी विद्यार्थियों को ट्रेफिक रूल्स के बारे में समझाया। उन्होंने बालिग होने पर ही वाहन चलाने की हिदायत दी।



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न विषयों पर आधारित पोस्टर बनाते हुए विद्यार्थी।

## प्रतिरक्षा विज्ञान दिवस पर बनाए पोस्टर

- एमआर स्कूल हसनपुर में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

एमआर स्कूल हसनपुर में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान दिवस पर सातवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने तंत्रिका तंत्र और प्रतिरक्षा, मष्तिष्क प्रतिरक्षा और आंत माइक्रोबायोटा प्रतिरक्षा विषय पर बहुत ही सुंदर मनमोहन और प्रेरणादायक आकृतियां बनाई। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर कृष्ण शर्मा, पीएचडी पशु चिकित्सा इम्यूनोलॉजी, पशुचिकित्सक, जींद, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा और डॉक्टर दीपक सैनी, एमवीएससी पशु चिकित्सा इम्यूनोलॉजी पशुचिकित्सक, रोहतक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा ने विभिन्न बिन्दुओं रचनात्मतक और मौलिकता, विषय की व्याख्या और स्पष्टता, कलात्मक रचना, सन्देश की स्पष्टता और समग्र आकृति की गुणवता को ध्यान में रखते हुए प्रतिभागियों का परिणाम घोषित किया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या नेहा शर्मा विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। गायों के लिए बनाई खेल के उद्घाटन अवसर पर मौजूद समिति सदस्य।

### गायों के लिए बनवाई पानी की खेल

**झज्जर।** सर्वोदय जनहित समाज कल्याण समिति द्वारा सेक्टर-छह स्थित गौशाला में गायों के लिए पानी की खेल बनवाकर पुनीत कार्य किया है। समिति के प्रधान प्रदीप शर्मा ने बताया कि खेल के उद्घाटन अवसर पर कौशल्या वर्मा व कपिल वर्मा ने मुख्य रूप से शिरकत की। इस मौके पर मनोज भाटिया, नरेश शर्मा, सुमित खुराना, सोनिया वर्मा, आरती वर्मा, साहब सिंह, अंकुर सिंगल, राज सिंह, गौशाला से संजय व नंद भटनागर उपस्थित रहे।

## नाबालिग के यौन शोषण मामले में किया प्रदर्शन

- वाल्मीकि समाज ने किया रोष प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

यूपी के एक जिले के गांव में हुई वाल्मीकि समाज की नाबालिग बेटी के यौन शोषण मामले में आरोपियों को कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को वाल्मीकि समाज के लोगों ने रोष प्रदर्शन किया। रोष प्रदर्शन के बाद उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा। शुक्रवार की सुबह करीब ग्यारह बजे वाल्मीकि समुदाय के लोग अभिषेक उर्फ गोलू की अध्यक्षता में स्थानीय टाउन पार्क में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इसके बाद वे जुलूस की शक्ल में रोष प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने दलितों पर अत्याचार बंद करो, आरोपी को फांसी दो व हमारी बेटी को न्याय दो आदि नारे भी लगाए। यहां पहुंच कर उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, पचास लाख रुपये मुआवजा, शहरी आवास योजना के अंतर्गत मकान मुहैया कराए जाने की मांग की। इस मौके पर डॉक्टर विजय, विकास उज्जैनवाल, गौरव टाक, राकेश बिड़लान, राकेश उज्जैनवाल, सावन, गौरव कुतानी, शेखर, धर्मपाल, सागर बोस, नोनू चड्ढा व अन्य मौजूद रहे।





झज्जर। टाउन पार्क में एकत्रित वाल्मीकि समुदाय के लोग व एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए वाल्मीकि समुदाय के लोग। फोटो: हरिभूमि

## सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया

- डीसी व डीसीपी ने की धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को डीसी प्रदीप दहिया ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों सहित मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक की। जम्मू कश्मीर में हुई आतंकी घटना की सभी ने कड़ी निंदा करते हुए अपने जिले में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया गया। डीसी ने कहा कि किसी को अवांछित गतिविधि और गैर कानूनी कार्य करने की छूट नहीं दी जा सकती। आरोपी से प्रशासन पूरी सख्ती के साथ निपेटगा। उन्होंने कहा कि जिले में माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण है। बैठक में सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए अफवाह फैलाने वाले संदेश या सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री भेजने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। ऐसे मामलों में व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाएगी। वहीं डीसीपी लोगेश कुमार पी ने कहा कि अवांछित गतिविधि का पत्ता चलते ही तत्काल पुलिस को सूचित करें।



झज्जर। विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी प्रदीप दहिया। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में उठान कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो: हरिभूमि

## गेहूं और सरसों फसल के उठान कार्य ने पकड़ी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले की अनाज मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद के अलावा उठान कार्य भी नियमित तौर पर किया जा रहा है। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि जिले की मंडियों में एक लाख 48 हजार 954 एमटी गेहूं की खरीद की गई है और अब तक 1 लाख 86 हजार 892 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। वहीं 94 हजार 678 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। इसके अलावा 71 हजार 498 एमटी सरसों खरीद की जा चुकी है, जबकि 74 हजार 168 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है और 28 हजार 574 मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है। उन्होंने खरीद कार्य से जुड़े अधिकारियों व एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे किसानों को तय समय सीमा में भुगतान के साथ ही खरीदी गई उपज की लिफ्टिंग में तेजी लाएं, ताकि मंडियों में जगह की समस्या न हो।



झज्जर। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अरावली सदन रहा प्रथम

**झज्जर।** एचआर ग्रीन फील्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में अरावली सदन ने प्रथम, विंध्याचल सदन ने द्वितीय तथा नीलगिरी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य मोहिंद्र सिंह ने टीम कोच विकेश ठाकुर, अवधेश, अमित कुमार, गिन्नी देवी की सराहना की। प्रतियोगिता के सभी विजेता खिलाड़ियों को स्कूल प्रबंधन समिति व प्राचार्य द्वारा मेडल पहना कर सम्मानित किया गया।

### फसल अवशेष जलाना कानूनन अपराधः नांदल

**बेरी।** एसडीएम रेणुका नांदल ने गेहूं की कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष जलाने की रोकथाम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, फायर ब्रिगेड तथा अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में लगातार सतर्कता बनाए रखें और किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाना कानूनन अपराध है। यदि किसी खेत में आग लगने की सूचना मिलती है तो तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य करें और दोषी व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए।



**सूचना**

मैं, पिंकी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार निवासी मकान नंबर 25/527, किला मोहल्ला, बंसत विहार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सागर व पुत्रवधु अंशिका निवासी मकान नंबर 25/527, किला मोहल्ला, बसंत विहार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सतबीर पुत्र करतार सिंह निवासी छावनी मौहल्ला, वार्ड नंबर 13, झज्जर, तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र चरणजीत मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन देन अथवा व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

मैं, सतबीर सिंह पुत्र श्री केहर सिंह निवासी गांव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कृष्ण व पुत्रवधु ज्योति मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### चांसलर डॉ. महिपाल बोले- शैक्षणिक भ्रमण जरूरी

# संस्कारम के विद्यार्थियों ने किया संसद भवन का भ्रमण

- विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र की जीवंत प्रक्रिया को निकट से देखने और समझने का एक अनमोल अवसर भी रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय के लिबरल एजुकेशन के विद्यार्थियों ने भारतीय संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह ऐतिहासिक स्थल केवल दर्शनीय नहीं रहा बल्कि विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र की जीवंत प्रक्रिया को निकट से देखने और समझने का एक अनमोल अवसर भी रहा। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में नागरिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की गहराई से समझ विकसित करना था। संसद की कार्यवाही को निकट से देखने से विद्यार्थियों में गर्व, जागरुकता और राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यबोध की भावना जागृत हुई। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा उनका उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सजग, जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करना है।

संसद भवन का यह भ्रमण छात्रों के लिए न केवल प्रेरणास्पद अनुभव रहा। भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही और उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को नजदीक से देखकर जो सीखा, वह पुस्तकीय ज्ञान से कहीं अधिक प्रभावशाली था।



झज्जर। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर एकत्रित संस्कारम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### ट्राले से टकराकर बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** दिल्ली रोहतक रोड पर जीवन ज्योति अस्पताल के सामने खड़े एक ट्राले से टकराने पर बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस को दिए बयान में बिहार मूल के विपिन कुमार ने बताया कि उसका पुत्र कन्हैया मुंडका में एक सीमेंट कंपनी में काम करता है। शनिवार को अपनी ड्यूटी करके मुंडका दिल्ली से बहादुरगढ़ आ रहा था। लेकिन जीवन ज्योति अस्पताल के सामने खड़े ट्राले से उसकी बाइक टकरा गई। दुर्घटना में कन्हैया को सिर व मुंह पर चोटें आई। उसे तुरंत जेजे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 285 और 125 (अ) के तहत केस दर्ज किया है।

### फोन छीनने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**बहादुरगढ़।** मोबाइल फोन छीनने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल भी बरामद किया। दरअसल, जटवाड़ा मोहल्ला निवासी रिंकू ने शिकायत दी थी कि 23 फरवरी को दुकान से घर जाते समय बस स्टैंड के नजदीक दो लड़के उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए थे। सिटी एसएचओ के अनुसार केस दर्ज करने उपरांत आरोपी सुनील निवासी कानौंदा को काबू किया गया। उसकी निशानदेही पर छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। फिर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### नर्सिंग होम के बाहर से बाइक चोरी, मामला दर्ज


**बहादुरगढ़।** एक नर्सिंग होम के बाहर खड़ी बाइक कल देर शाम चोरी हो गई। दरअसल, हिरण कूदना निवासी सूरज प्रकाश डीटीसी में कार्यरत है। उसने शुक्रवार शाम साढ़े 5 बजे अपनी मोटरसाइकिल दिल्ली नर्सिंग होम के सामने खड़ी की थी। लेकिन रात करीब पौने 9 बजे बाइक वहां नहीं मिली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान चुराया

**बहादुरगढ़।** अशोक नगर में रेलवे फाटक के निकट एक दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नकदी व अन्य सामान लेकर फरार हो गए। लाइनपार के पटेल नगर में रहने वाले सतपाल ने बताया कि जब वह सुबह दुकान पर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ मिला। अज्ञात व्यक्ति ने दुकान का ताला तोड़कर दुकान में चोरी कर ली। उसकी दुकान से 3 कटर ग्राइंडर, 20 हजार की नकदी, एक ड्रिल मशीन, 20 वॉट के 4 बल्ब, 20 डिब्बे सिगरेट और 2 पैकेट बीड़ी के चोरी हो गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लंबित मांगों को लेकर गरजे सफाई कर्मचारी, सौंपा ज्ञापन

**प्रदेशाध्यक्ष विक्रम सिंह ने सुनीं कर्मचारियों की समस्याएं**



**झज्जर।** पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रदेशाध्यक्ष विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए सफाई कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा सफाई कर्मचारी कल्याण वेलफेयर विंग भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष देव कुमार ने कर्मचारियों के साथ मिलकर दलित पिछड़ा वर्ग युवा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कर्मचारियों की समस्याओं व लंबित मांगों से अवगत कराया गया। प्रदेशाध्यक्ष विक्रम सिंह ने कर्मचारियों से स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं सुनी तथा शीघ्र समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष शीशपाल व ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र दहकौरा भी भी उपस्थित रहे। इस दौरान अंबोली गांव निवासी ग्रामीण सफाई कर्मचारी रामनिवास ने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि वह संबंधित विभाग के अधिकारियों से लेकर सफाई कर्मचारी आयोग तक को अपनी शिकायत दे चुका है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।



**बहादुरगढ़।** शनिवार को धरना देते वर्कर्ज यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## कर्मचारी यूनियन ने दिया धरना

**बहादुरगढ़।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन द्वारा बहादुरगढ़ सिंचाई मंडल स्तर पर धरना आयोजित किया गया। इसमें कर्मचारियों की गंभीर और वर्षों से लंबित मांगों को लेकर आवाज उठाई गई। अमित आसौदा, कृष्ण, ईश्वर, प्रदीप, सुरेंद्र, कृष्णा, राजपाल, रिंकू, अजय कुमार, जयदीप, राजपाल आदि ने सभी कर्मचारियों से संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। जिला प्रधान नवीन और जिला सचिव देवेंद्र सहरावत के अनुसार जब तक सभी मांगों का समयबद्ध समाधान नहीं होगा, तब तक यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। को काम करने के लिए बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। वे उपेक्षा को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं करेंगे। कर्मचारियों की पीएफ और ईएसआई से जुड़ी समस्याओं का समय पर निस्तारण नहीं हो रहा है।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्कूल प्राचार्या। फोटो : हरिभूमि

## छात्रों ने की मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हमले में मासूम लोगों की मौत ने एक बार फिर आतंकवाद की बर्बरता को उजागर किया है। इसी दर्द को साझा करते हुए संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में दिवंगत आत्माओं की याद में एक भावपूर्ण शोक सभा का आयोजन किया गया।

विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान अध्यापकों व विद्यार्थियों ने शांति पाठ कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। विद्यार्थियों ने मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों द्वारा 'विविधता में एकता' और 'शांति' पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए।

### भाईचारे को अपनाएं

श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से स्कूल ने एक मजबूत संदेश दिया। यह संदेश था कि पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ है। आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह घटना न केवल जम्मू-कश्मीर बल्कि पूरे देश के लिए दुःखद है। हमारा विद्यालय परिवार शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मानवता, शांति और भाईचारे के मूल्यों को अपनाने और उन्हें समाज में फैलाने का संदेश दिया।

## सीपी और डीसीपी से मिले उद्यमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

फुटवियर पार्क एसोसिएशन और बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह और पुलिस उपायुक्त जसलीन कौर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक सहयोग आदि विषयों पर चर्चा की।



**बहादुरगढ़।** पुलिस आयुक्त को गुलदस्ता भेंट करते बीसीसीआई पदाधिकारी।

### प्रत्यक्ष संवाद करने का निमंत्रण दिया

बीसीसीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास आनंद दहिया (सोनी), पवन जैन, केके सेठ व नरेंद्र छिकारा आदि ने दोनों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को बहादुरगढ़ आकर उद्यमियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद करने का निमंत्रण दिया। प्रशासन और उद्योग जगत के बीच आपसी विश्वास, समन्वय और सहयोग को अधिक सशक्त बनाने के लिए इसे जरूरी बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन के नए नेतृत्व से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा। आम नागरिकों को न्याय सुलभ होगा। विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा और उनकी शिकायतों की संवेदनशीलता से सुनवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे सरकारः राजेश जून



**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने पहलगाम आतंकी हमले की घटना पर दुख जताते हुए मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में आंतकवाद को पूरी तरह से कुचलने के लिए केंद्र सरकार को आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने अमानवीय हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकियों व इस हमले के सभी गुनहगारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। पूरे देश की जनता इस दुख की घड़ी में हमले के मृतकों के परिवारों के साथ खड़ी हैं। जून ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों का हमला एक सोची समझी साजिश है। धरातल पर आतंकवाद को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार को कठोर करवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसा घिनौना कृत न कर सकें।

## हर समस्या का स्थायी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए



**झज्जर।** वीसी उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सीटीएम रविंद्र मलिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा के तहत वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीटीएम रविंद्र मलिक जिला प्रशासन की तरफ से वर्चुअल माध्यम से मीटिंग शामिल हुए। वीसी के उपरांत सीटीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविरों के तहत प्राप्त पुरानी शिकायतों का समाधान किसी भी स्थिति में लंबित न रहे। उन्होंने मीटिंग में मौजूद सभी अधिकारियों से कहा कि हर समस्या का स्थायी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## बादली के राजकीय कॉलेज में विदाई पार्टी प्रियंका मिस-इशांत बने मिस्टर फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के राजकीय महाविद्यालय बादली में शुक्रवार को छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। तमाम गतिविधियों के उपरांत प्रियंका को मिस फेयरवेल और इशांत को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। प्राचार्य आनंद कादयान ने सभी टाइटल विजेता विद्यार्थियों को विदाई उपहार देकर सम्मानित किया।



विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह की अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रेनू दहिया और संदीप मोहन द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि विदाई जीवन का वह भावुक क्षण हैं, जो दुःखी करता है, लेकिन जीवन में आगे बढ़ने के लिए किसी को विदाई देनी हो, तो वह सुख का कारण होता है। आयोजन का कार्यभार कोमल ने संभाला। कार्यक्रम में सभी स्टॉफ सदस्यों ने अपनी भागीदारी की। प्राचार्य आनंद कादयान ने विद्यार्थियों से मेहनत करके अपनी मंजिल की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज से यह विदाई आपके नए जीवन की शुरुआत है। जीवन में सदैव सच्चाई, कर्तव्यनिष्ठा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। शिक्षा का उद्देश्य नौकरी पाने के साथ ही एक जिम्मेदार और नैतिक नागरिक बनना भी है।

## कार्यशाला में घटते लिंगानुपात पर चिंता जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शनिवार को गांव परनाला में आयोजित कार्यशाला में सरपंच मुकेश अशोक राठी द्वारा घटते लिंगानुपात पर चिंता जताई गई। इसमें आंगनवाड़ी वर्कर और एएनएम आदि शामिल रही। मंजू, संतोष, सीमा, कविता, इंदू, रूबिना व कमल आदि ने कहा कि ऐसा ही चलता रहा तो इसके दुष्परिणाम पूरे समाज को भुगतने होंगे।



**बहादुरगढ़।** बैठक में आंगनवानी वर्करों के साथ चर्चा करती सरपंच मुकेश राठी। फोटो : हरिभूमि

### बेटी घर की लक्ष्मी

घटते लिंगानुपात पर चिंता जाहिर करते हुए सरपंच मुकेश राठी ने कहा कि बेटी घर की लक्ष्मी है। जो परिवार के सुखमय जीवन व्यतीत करने का आधार होती है। उन्होंने कहा कि बेटियों के प्रति लोगों का जागरूक कर समाज को अधिक सशक्त बनाना जरूरी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिलजुलकर सकारात्मक दिशा काम करने के आह्वान किया। कार्यक्रम में गिरते लिंगानुपात, लैंगिक भेदभाव और कन्या भ्रूण हत्या आदि मामलों पर विचार विमर्श किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## जीडी गोयनका स्कूल में बास्केटबॉल स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

- स्पर्धा में लड़कियों और लड़कों की अलग-अलग टीमों ने अपने-अपने सदनों का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन
- कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया



**बहादुरगढ़।** प्रिंसिपल व अन्य के साथ बास्केटबॉल खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में अंतरसदनीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में लड़कियों और लड़कों की अलग-अलग टीमों ने अपने-अपने सदनों का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर प्रधानाचार्या ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों को मैदान में खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए। तत्पश्चात प्रधानाचार्या ने सभी टीमों के साथ परिचय व टॉस करवाकर प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की। सर्वप्रथम लड़कियों के मुकाबलों की शुरुआत हुई। जिसके लीग स्तर के मुकाबलों में चारों सदनों (टैगोर, टेरेसा, विवेकानंद, राधाकृष्णन) ने बेहतरीन खेल का परिचय दिया। लड़कियों का फाइनल मुकाबला टेरेसा और विवेकानंद सदन के बीच खेला गया। जिसमें विवेकानंद सदन की टीम ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता जीती।

### टैगोर सदन जीता

वहीं दूसरी तरफ लड़कों के फाइनल मुकाबले में टैगोर सदन और विवेकानंद सदन आमने-सामने थे। जहां कड़े संघर्ष के बाद टैगोर सदन ने जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल के दौरान जहां खिलाड़ियों का जोश सातवें आसमान पर था। वहीं सभी सदनों के दर्शकों के उत्साह ने प्रतियोगिता में चार चांद लगा दिए। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए उनके अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



**बहादुरगढ़।** छारा कॉलेज में विद्यार्थियों को लेक्चर देते डॉ. मनोज कुमार।

## मिट्टी, खेती और ग्रामीण जीवन ने हरियाणवी भाषा को दिया आकार

- हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में हरयाणवी भाषा का उदभव एवं विकास विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने यह आयोजन करवाया।

डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा की सांस्कृतिक और भाषाई पहचान का हरियाणवी महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह एक जीवंत, समृद्ध और लोकप्रिय भाषा है। यह हरियाणा के साथ ही पड़ोसी राज्यों और प्रवासी समुदायों में भी बोली जाती है। हरियाणा की मिट्टी, खेती और ग्रामीण जीवन ने हरियाणवी भाषा को आकार दिया। इसकी शब्दावली में कृषि, प्रकृति और सामाजिक रीति-रिवाजों से जुड़े शब्द प्रमुख हैं। हरियाणा एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र रहा है। जहां वैदिक संस्कृति, जैन-बौद्ध प्रभाव और मध्यकालीन सूफी-भक्ति परंपराओं का संगम हुआ। इन सबने हरियाणवी की शब्दावली और अभिव्यक्ति को समृद्ध किया। व्याख्यान में हरियाणवी के उद्भव, ऐतिहासिक विकास, साहित्यिक योगदान और आधुनिक युग में इसके महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में देवेंद्र, मोनिका, ज्योति, डॉ ललिता, मोहित व प्रवीन दलाल आदि मौजूद रहे।